# अध्याय 15
# मुनाफाखोरी–रोधी

## [1][नियम 122 : प्राधिकरण का गठन

प्राधिकरण परिषद् द्वारा नामनिर्देशित निम्नलिखित से मिलकर बनेगा–

**(क)** अध्यक्ष जिसने भारत सरकार के सचिव की श्रेणी के समतुल्य पदधारण किया है या किया हो; और

**(ख)** चार तकनीकी सदस्य जो राज्य कर आयुक्त या केन्द्रीय कर आयुक्त [A][कम से कम एक वर्ष के लिए] है या रहा है या जिसने विद्यमान विधि के अधीन समतुल्य पद धारण किया है या किया हो।**]**

---

[1] अधिसूचना क्रमांक 24/2022–केन्द्रीय कर, दिनांक 23.11.2022 द्वारा नियम 122 विलोपित (प्रभावशील दिनांक 01.12.2022) विलोपन के पूर्व यह इस प्रकार था

"**नियम 122 : प्राधिकरण का गठन**

प्राधिकरण परिषद् द्वारा नामनिर्देशित निम्नलिखित से मिलकर बनेगा–

**(क)** अध्यक्ष जिसने भारत सरकार के सचिव की श्रेणी के समतुल्य पदधारण किया है या किया हो( और

**(ख)** चार तकनीकी सदस्य जो राज्य कर आयुक्त या केन्द्रीय कर आयुक्त [A]**[**कम से कम एक वर्ष के लिए**]** है या रहा है या जिसने विद्यमान विधि के अधीन समतुल्य पद धारण किया है या किया हो।"

**A** पूर्व में अधिसूचना क्रमांक 34/2017–केन्द्रीय कर, दिनांक 15.09.2017 द्वारा अंतःस्थापित।